खाटू से बुलावा | By Tinka Soni

खाटू से बुलावा चल चलिए चल चलिए
खाटू से बुलावा आ गया चल चलिए चल चलिए
अपने भी भाग जगा गया चल चलिए चल चलिए
मेरा खाटू वाला श्याम जिसका बड़ा हैं ऊँचा नाम
उसके दर्शन को हम चले
दिन भागो वाला आ गया चल चलिए चल चलिए
खाटू से बुलावा आ गया.....

लो आ गयी अपनी बारी कर लो जमके तैयारी
जिसको मिलने जाना है उसकी महिमा है न्यारी
हमें खाटू वाला भा गया चल चलिए चल चलिए
खाटू से बुलावा आ गया.....

बड़ी किरपा हम पे कर दी झोली खुशियों से भर दी
ख्वाइश खाटू आने की बाबा ने पूरी कर दी
मस्ती का आलम छा गया चल चलिए चल चलिए
खाटू से बुलावा आ गया.....

बाबा अपने भक्त ने ऐसे ही बुलाते रहना
अपने बच्चों से अपना गुणगान कराते रहना
टिंका ये अर्ज़ लगा गया चल चलिए चल चलिए
खाटू से बुलावा आ गया.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be-by-tinka-soni/